दैनिक भास्कर उदयपुर 28-01-2023

स्टार्टअप कॉन्क्लेव में विशेषज्ञों ने एंटरप्रेन्योर्स को प्रोत्साहित किया

उदयपुर| सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के आई-स्टार्ट तथा स्टार्टअप चौपाल की ओर से शुक्रवार स्टार्टअप कॉन्क्लेव हुआ। विभाग की संयुक्त निदेशक शीतल अग्रवाल ने बताया कि आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में हुए कॉन्क्लेव में कई युवा स्टार्टअप्स ने भाग लिया। इनके लिए विशेषज्ञों के सेशन व पैनल डिस्कशन आयोजित किए। उप निदेशक मनोज बिश्नोई ने बताया कि पूर्व राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने एंटरप्रेन्योरशिप का सफर साझा किया और नए लोगों को प्रोत्साहित किया। इसके बाद एंटरप्रेन्योरशिप: अपॉर्चुनिटी एंड रोड्स अहेड विषय पर पैनल डिस्कशन हुआ। इसमें उमंग पुरोहित, जमील खान तथा अमित पुरोहित जी ने योजनाओं के बारे में जानकारी दी।